# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0 प्र0, लखनऊ।

1,तिलक मार्ग लखनऊ–226001

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–87 / 2014(II) दिनांकः अक्टूबर 04, 2017

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, जनपद, उत्तर प्रदेश।

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे।
समस्त पुलिस अधीक्षक रेलवे।

थानों द्वारा यथा सम्भव अधिक से अधिक सूचनायें सीसीटीएनएस पोर्टल पर फीड की जा रही है। CAS (कोर एप्लीकेशन साफ्टवेयर) वर्तमान में प्रचलित 3.0 वर्जन से 4.5 वर्जन में अपग्रेड होना है। आप अवगत हैं कि CAS 4.5 वर्जन में करीब–करीब सभी चीजें ऑटोमेटिक है।

इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2013 के बाद पंजीकृत वे मुकदमें जिसमें आरोप–पत्र / अन्तिम रिपोर्ट कोर्ट भेजी जा चुकी है, लेकिन इसकी सूचना सीसीटीएनएस पोर्टल पर फीड नहीं की गयी है। इनके निस्तारण के लिए पेडिंग इन्वेस्टीगेशन एप्लीकेशन पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है, उसका निस्तारण शत–प्रतिशत करा लें। ऐसा न होने की स्थिति में उक्त सभी मुकदमे और उससे सम्बन्धित सभी अपराध क्रमशः लम्बित प्रकरण के कालम में हमेशा प्रदर्शित रहेंगे, जिससे आपकी कार्य प्रणाली का सही मूल्यांकन नहीं हो पायेगा।

इसके अतिरिक्त ऐसे मुकदमें जो एक थाने में पंजीकृत होकर उसी जनपद के दूसरे थाने व गैर जनपद व जीआरपी के दूसरे थानों में स्थानान्तरित हुये हैं, उनकी भी सूची संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। ऐसे अभियोगों की संख्या 1550 है।

उक्त के साथ–साथ ऐसे मुकदमे जो थाने पर पंजीकरण के दौरान ही उसी जनपद व अन्य जनपद या अन्य प्रदेश के दूसरे थानों को स्थानान्तरित कर दिये गये उन अभियोगों की कुल संख्याः 8002 है। इनमें से केवल 149 अभियोगों को पुनः पंजीकृत किया गया है। शेष अभियोगों के बारे में स्थिति स्पष्ट करें। सूची सभी सम्बन्धित को मेल से भेजी जा रही है।

Scanned by CamScanner

उपरांकित के सन्दर्भ में सभी परिक्षेत्रीय व जनपदीय पुलिस प्रभारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाती है कि ऐसे अभियोगों के सीसीटीएनएस पोर्टल पर निस्तारण के लिए एक 10 दिवसीय कार्य योजना बनाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कृत कार्यवाही की आख्या दिनॉक 20–10–2017 तक प्रेषित करें, ताकि आपके कार्य की समीक्षा की जा सके।

संलग्नकः यथोपरि

6/10/17

(सुलखान सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि– अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned by CamScanner